कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अम्बेडकरनगर।

पत्रांक : — /जि0का0अधि0/आं0बा0 चयन/विज्ञप्ति/2024-25 दिनांक 17 दिसम्बर-2024।

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-19/2023/3975/58-1-2022- 2/1(22)10 टी0सी0 दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद अम्बेडकरनगर के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में वर्ष आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित वित्तीय वर्ष 2023-24 के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट **http:upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। परियोजनाओं में रिक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण निम्नवत् है :-

क्रम सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहर	आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का विवरण
1	जलालपुर	ग्रामीण/शहरी	52
2	कटेहरी	ग्रामीण	05
3	रामनगर	ग्रामीण/शहरी	22
4	भियॉव	ग्रामीण	14
5	शहर	शहरी	10
6	भीटी	ग्रामीण	11
7	अकबरपुर	ग्रामीण/शहरी	17
8	टाण्डा	ग्रामीण/शहरी	65
9	बसखारी	ग्रामीण	17
10	जहॉगीरगंज	ग्रामीण/शहरी	10
कुल योग :-			223

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट **http:upanganwadibharti.in** पर अपलोड है।

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
2. आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम् शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ डेट 01 जुलाई 2024 को न्यूनतम् 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु की गणना हाईस्कूल की मार्कशीट/सर्टीफिकेट में अंकित जन्मतिथि के आधार पर की जायेगी।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट **http:upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन ही निर्धारित समयावधि के अन्दर स्वीकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
6. ग्राम सभा/वार्ड से विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता/विकलांग/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को शासनादेश में वर्णित निमयों के अन्तर्गत नियमानुसार वरीयता दी जायेगी।
7. विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगरपालिका/नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर के नकल की प्रमाणित प्रति ही मान्य होगी।
8. परित्यक्ता के सम्बन्ध में माननीय न्यायालय द्वारा जारी निर्गत विधिक आदेश ही मान्य होंगे।
9. आय के सम्बन्ध में तहसील द्वारा निर्गत नवीन (विज्ञापन जारी होने के 06 माह पूर्व तक के ही) डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत आय प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे, 06 माह से अधिक पुराने आय प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।
10. आवेदित पद से सम्बन्धित तहसील द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत जाति एवं निवास प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।
11. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की **अन्तिम तिथि 07.01.2025 मध्य रात्रि 12:00** बजे तक होगी।
12. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट **http:upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु सम्बन्धित विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी, अम्बेडकरनगर कार्यालय से कार्य दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(एस0के0सिंह)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
अम्बेडकरनगर।

पृष्ठांकन संख्या : C-2710/तददिनांक।

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0-लखनऊ।
2- जिलाधिकारी महोदय, अम्बेडकरनगर।
3- मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अम्बेडकरनगर।
4- जिला सूचना अधिकारी, अम्बेडकरनगर, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया प्रदेश स्तर पर सर्वाधिक पढ़े जाने वाले 01 दैनिक समाचार पत्र एवं 01 स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5- समस्त, बाल विकास परियोजना अधिकारी जनपद-अम्बेडकरनगर को इस निर्देश के साथ कि परियोजना कार्यालय, तहसील एवं ब्लाक में स्थापित सूचना पट पर विज्ञापन एवं विज्ञप्ति पदों का विवरण चस्पा कर फोटोग्राफ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध करायें।
6- अभिलेखार्थ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
अम्बेडकरनगर।